समापण भाषण

माननीय सदस्यगण,

षोड्श बिहार विधान सभा का चतुर्दश सत्र दिनांक 22 नवम्बर, 2019 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 28 नवम्बर, 2019 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-05 बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को बिहार विधान सभा में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित तथा महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित 01 (एक) विधेयक एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित 06 (छः) विधेयकों का एक विवरण सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया । माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण तथा वित्तीय वर्ष 1982-83 एवं 2004-05 के अधिकाई व्यय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया । कुल-05 (पाँच) जननायकों के निधन पर शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

दिनांक 27 नवम्बर, 2019 को वित्तीय वर्ष 2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शिक्षा विभाग के अनुदान की माँग स्वीकृत हुई तथा शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई । तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :-

1) बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1982-83 एवं 2004-05)(संख्या-2) विधेयक, 2019.
2) बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2019.
3) बिहार कराधान विवाद समाधान विधेयक, 2019.
4) बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2019.

सत्र के दौरान कुल-670 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 526 प्रश्न स्वीकृत हुए । स्वीकृत प्रश्नों में 16 अल्पसूचित, 446 तारांकित एवं 64 प्रश्न अतारांकित थे । सदन में उत्तरित प्रश्नों की संख्या-02, 94 प्रश्नों के उत्तर सदन पटल पर रखे गए । उत्तर संलग्न प्रश्नों की संख्या-63, शेष 367 प्रश्न अनागत हुए तथा 272 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए ।

Contd....2..

इस सत्र में कुल-93 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें 08 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए ।

इस सत्र में कुल-109 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 107 स्वीकृत हुए एवं 02 अस्वीकृत हुए । कुल-56 याचिकाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें 41 स्वीकृत एवं 15 अस्वीकृत हुईं ।

इस सत्र में कुल-100 गैर सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन में आज ही चर्चा हुई ।

इस सत्र में प्रश्नकाल का पटना आकाशवाणी द्वारा प्रसारण किया गया तथा सम्पूर्ण कार्यवाहियों की रिकॉर्डिंग भी की गयी । इससे जुड़े कर्मचारी एवं पदाधिकारीकण धन्यवाद के पात्र हैं ।

सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता, विरोधी दल एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष-प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ । पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, उन्हें मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं ।

मैं आशा करता हूँ कि अब हम नए वर्ष में पुनः मिलेंगे ।

अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की जाती है ।